# सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,
## सिद्धार्थनगर, उ0प्र0—272202

Website : www.suksn.edu.in – Email Id : registrarsidduniv@gmail.com

पत्र सं0—558 / सि0वि0वि0 / सम्बद्धता / 2026 दिनांक 20 / 06 / 2026

सेवा मे ,

प्राचार्य / प्रबन्धक,
समस्त सम्बद्ध सम्बन्धित महाविद्यालय,
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।

**विषय— उच्च शिक्षा के क्षेत्र में शैक्षिक सत्र 2026—27 के लिये नये महाविद्यालय / संस्थानों के खोले जाने तथा वर्तमान महाविद्यालय / संस्थानों में अतिरिक्त विषयों / पाठ्यक्रमों (बी0एड0 पाठ्यक्रम को छोड़कर) को प्रारम्भ करने हेतु अनापत्ति एवं सम्बद्धता प्रस्तावों के आनलाईन निस्तारण हेतु समय—सारिणी के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र सं0—I / 1371259 / 2026 / 70—2099 / 28 / 2025 पार्ट—2 दिनॉक—19.06.2026, का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसमें उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बी0एड0 पाठ्यक्रम के अतिरिक्त नये महाविद्यालयों / संस्थानों के खोले जाने तथा वर्तमान महाविद्यालयों / संस्थानों में स्नातक / स्नातकोत्तर स्तर के अतिरिक्त विषयों एवं पाठ्यक्रमों को प्रारम्भ करने हेतु शैक्षिक शिक्षा सत्र 2026—27 के लिए उ0प्र0 राज्य विश्वविद्यालयों द्वारा आनलाईन सम्बद्धता प्रस्तावों के निस्तारण हेतु संशोधित समय सारिणी निर्धारित की गयी है।

अतः समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय को सूचित किया जाता है कि संलग्न समय सारिणी के अनुसार आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

**संलग्नकः—यथोपरि।**

भवदीय

20/06/26

कुलसचिव
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित—

1. विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त प्रबन्धक / प्राचार्य।
2. प्रभारी कोडिंग सेल को इस निर्देश के साथ कि उक्त सूचना विश्वविद्यालय के वेबसाइट एवं समस्त महाविद्यालय के कालेज लागिन पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।
3. निजी सचिव, कुलपति को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
4. गार्ड फाइल में संरक्षित हेतु।

कुलसचिव
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।

संख्या-I/1371259/2026/70-2099/28/2025पार्ट-2

प्रेषक,

राम जन्म चौहान,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

कुलसचिव,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश।

उच्च शिक्षा अनुभाग-2 लखनऊः दिनांकः 19-06-2026

विषयः-उच्च शिक्षा के क्षेत्र में शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिये नये महाविद्यालयों/संस्थानों के खोले जाने तथा वर्तमान महाविद्यालयों/संस्थानों में अतिरिक्त विषयों/पाठ्यक्रमों (बी0एड0 पाठ्यक्रम को छोड़कर) को प्रारम्भ करने हेतु अनापत्ति एवं सम्बद्धता प्रस्तावों के ऑनलाइन निस्तारण हेतु समय-सारिणी।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या-I/1343192/70-2099/28/2025पार्ट-2, दिनांक 26.05.2026 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा समय-सारिणी निर्गत की गयी थी। विश्वविद्यालयों द्वारा निरीक्षण मण्डल की आख्या ऑनलाईन अपलोड न हो पाने के कारण उनके द्वारा किये गये अनुरोध के क्रम में सम्यक् विचारोपरान्त शैक्षिक सत्र 2026-27 हेतु उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बी0एड0 पाठ्यक्रम को छोड़कर नये महाविद्यालयों/संस्थानों के खोले जाने तथा वर्तमान महाविद्यालयों/संस्थानों में स्नातक/स्नातकोत्तर स्तर के अतिरिक्त विषयों/पाठ्यक्रमों को प्रारम्भ करने के लिए उक्त शासनादेश दिनांक 26.05.2026 के माध्यम से निर्धारित समय-सारिणी में निम्नवत संशोधन किया जाता है :-

| क्र0 | कार्यवाही | समय-सीमा |
|---|---|---|
| 1. | विश्वविद्यालय में नये पाठ्यकमों हेतु अनापत्ति प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करने की अन्तिम तिथि। | ---------------- |
| 2. | विश्वविद्यालय में ऑनलाइन जमा किये गये प्रस्तावों के भूमि संबंधी अभिलेखों का राजस्व विभाग से सत्यापन कराया जाना। | ---------------- |
| | | |

| | | |
|---|---|---|
| 3. | अनापत्ति आदेश ऑनलाइन निर्गत किया जाना। | दिनांक 23 जून, 2026 |
| 4. | ऑनलाइन अनापत्ति के संबंध में विश्वविद्यालय द्वारा लिये गये निर्णय के विरूद्ध शासन में अपील करने की अंतिम तिथि। | दिनांक 25 जून, 2026 |
| 5. | शासन में अपील निस्तारित करने की अंतिम तिथि। | दिनांक 27 जून, 2026 |
| 6. | निरीक्षण मण्डल का गठन। | दिनांक 01 जुलाई, 2026 तक।<br>(1)अनापत्ति आदेश ऑनलाइन निर्गत होने के पश्चात संस्था द्वारा दिनांक 29 जून तक निरीक्षण मण्डल का गठन के संबंध में आवेदन किया जायेगा।<br>(2)तदोपरान्त विश्वविद्यालय द्वारा 01 जुलाई तक निरीक्षण मण्डल का गठन कर लिया जायेगा। |
| 7. | निरीक्षण मण्डल द्वारा निरीक्षण आख्या का प्रस्तुत किया जाना। | दिनांक 08 जुलाई, 2026 |
| 8. | विश्वविद्यालय द्वारा सम्बद्धता ऑनलाइन प्रदान करने की अन्तिम तिथि। | दिनांक 10 जुलाई, 2026 |
| 9. | विश्वविद्यालय द्वारा सम्बद्धता के संबंध में लिये गये निर्णय के विरूद्ध शासन में अपील करने की अन्तिम तिथि। | दिनांक 12 जुलाई, 2026 |
| 10. | शासन स्तर पर अपील निस्तारित करने की अन्तिम तिथि। | दिनांक 15 जुलाई, 2026 |

3- शासनादेश दिनांक 26.05.2026 के माध्यम से निर्गत शेष दिशा-निर्देश यथावत रहेंगे।

Digitally signed by
RAM JANAM CHAUHAN
Date: 19-06-2026
19:18:04

भवदीय,

(राम जन्म चौहान)
उप सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. अपर मुख्य सचिव, श्री कुलाधिपति, उ0प्र0।
2. समस्त कुलपति, राज्य विश्वविद्यालय, उ0प्र0।
3. समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उ0प्र0।
4. निदेशक, सूचना विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
5. वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, एन.आई.सी., योजना भवन, लखनऊ को इस आशय से कि कृपया उक्त समय-सारिणी के अनुसार तत्काल पोर्टल पर अग्रतर कार्यवाही करने का कष्ट करें।
6. अपर सचिव उच्च शिक्षा परिषद, इंदिरा भवन, लखनऊ को वेबसाइट पर प्रदर्शन हेतु।
7. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, मा0 मुख्यमंत्री/निजी सचिव, मा0 मंत्री जी।
8. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
राम जन्म चौहान
उप सचिव।